

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

(झाखण्ड-बंगाल-बिहार संस्करण)

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग



नवरात्रि की शुभकामनाएं

वर्ष : 04 | अंक : 287 | Reg no - JH - 04-000-1393 | धनबाद, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS


FIT INDIA SCHOOL | TOP 500 | ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

# विधायक सरयू राय ने एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के बेनामी संपत्ति की ईडी से किया जांच की मांग



List Of Mutation Cases on the above transaction in Register-II — Mutation Cases Not Found !!

List Of Case Status Details



## कहा..''जल्द ही कुछ और अचल परिसंपत्तियों को सार्वजनिक करूंगा ताकि भाजपा के बड़े नेताओं का जमीर जग सके

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ़ जहां जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय लगातार हमलावर बने हुए है..और आरोप प्रत्यारोप के बीच किश्तों की सीरीज में संपति का खुलासें कर रहें है वहीं इस बार उनके निशाने पर बीजेपी के उन बड़े नेताओं को भी आड़े हाथों लिया है जो ढुल्लू महतो के समर्थन में खड़े दिख रहें है...सरयू राय ने अपने 10 अप्रैल के पीसी के बाद एक बार फिर उसी कड़ी में विधायक पर बेनामी संपति अर्जित करने का आरोप लगाया वहीं अपनी बेनामी संपतियो को जमीन भूखंड के अलावा हार्ड कोक उद्योग, फ्लावर मिल आदि के निर्मित ढांचा एवं मशीनरी में लगाने का भी आरोप लगाया है...सरयू राय ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के द्वारा अर्जित संपत्ति की ईडी से जांच कराने की मांग के साथ उन नेताओं को भी ललकारा है और पूछा है कि उन्हें इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि पीएम नरेन्द्र मोदी की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते है या नहीं ? इस मामले में बीजेपी में ढुल्लु समर्थक नेताओं को खरी खोटी सुनाते हुए सत्यता की जांच कराने का आग्रह भी किया है, साथ ही चुनौती देते हुए कहा कि आगे भी ढुल्लू के बेनामी संपत्ति के ब्यौरा को सार्वजनिक कर जल्द ही खुलासा करेंगे..

**इधर सरयू राय के आरोपों पर बाघमारा विधायक सह बीजेपी के धनबाद लोक सभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने चुप्पी साध लिया हैऔर इस मामले में फिलहाल अभी कोई भी प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है..**

## जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय का प्रेस वक्तव्य:-राँची/15 अप्रैल, 2024

भारतीय जनता पार्टी के धनबाद लोकसभा से घोषित प्रत्याशी श्री दुलू महतो के सुपुत्र श्री प्रशांत कुमार के द्वारा खरीदी गई करीब 2.06 करोड़ रूपये के जमीन का ब्यौरा मैंने दिनांक 10 अप्रैल, 2024 को सार्वजनिक किया था। श्री प्रशांत कुमार द्वारा इसके अतिरिक्त गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में खाता संख्या- 83, 97 और 110 के करीब 11 प्लॉट खरीदने का प्रमाण सामने आया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 01 एकड़ 49 डिसमील है। गोविंदपुर अंचल में जमीन खरीदने का सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार इन भूखंडों की कीमत 50 लाख रूपये से अधिक आंकी जा रही है। जमीन खरीद एवं म्यूटेशन तथा अंचल कार्यालय में दायर नामान्तरण मुकदमा संख्या 18905/2021-2022 तथा इस जमाबंदी में दिये गये लगान का ब्यौरा संलग्न है। भाजपा के उन नेताओं को जो मेरा ज्ञान मुझे अपने पास ही रखने की सलाह दे रहे हैं, उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जाँच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए। उसके बाद उन्हें इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते है या नहीं ?

इसके अतिरिक्त मेरे पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गई बड़ी संख्या में बेनामी अचल संपतियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्यौरा भी है। ये कंपनियाँ दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थी। इन कंपनियों में विगत 04 वर्षों में अकूत अचल संपति खरीदा गया है, जिसमें हार्ड कोक उद्योग, फ्लावर मिल आदि के भूखंड, निर्मित ढांचा एवं मशीनरी शामिल है। इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही स्थित है। ये कंपनियाँ अभी भी 'रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज' के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही है और जीएसटी एवं आयकर का भुगतान भी कर रही हैं। इन अचल परिसम्पतियों की कीमत उनके द्वारा कर देने योग्य कुल परिसम्पतियों के मूल्य की तुलना में काफी अधिक है।

## झरिया के प्रथम विधायक स्व. शिवराज प्रसाद की पुत्री लीला श्रीवास्तव का हुआ निधन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



झरिया: कोयलांचल झरिया के प्रथम विधायक स्व. शिवराज प्रसाद की पुत्री और योगेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव की धर्म पत्नी श्रीमती लीला श्रीवास्तव का सोमवार को देहांत दोपहर 12:15 बजे हो गई। ये झरिया के प्रथम विधायक स्व. शिवराज प्रसाद की पुत्री थी। इन्होंने बालिका विद्या मन्दिर, झरिया में उप प्राचार्य के पद पर अपनी सेवा 40 वर्षो तक दी थी। झरियावासी परिवार समेत चित्रांश समाज ने ईश्वर से प्रार्थना है की इन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दें। इनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 15 अप्रैल को प्रात: 09 बजे अपने निवास स्थान से मोहलबनी मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।



# टुंडी में एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त

- 7 नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने टुंडी में छापामारी कर एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया है। साथ ही इसमें संलिप्त 7 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि सोमवार को टुंडी के अंचल अधिकारी शैलेन्द्र चौरसिया, खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं मनियाडीह थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से मौजा-सर्रा में औचक छापामारी की गई। इस क्रम में अवैध रूप से खनन कर स्टॉक की गई लगभग 100000 क्यूबिक फीट बालू को जब्त किया गया। जब्त बालू स्थानिय लोगों को जिम्मेनामा पर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त 7 नामजद व्यक्तियों, आरिफ अंसारी, पिता-स्व रहमान मियां, ललन राय, पिता-सुरेन्द्र राय, अरूण चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, सिकंदर चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, पप्पु राय, पिता-अयोध्या राय, रजाक अंसारी, पिता- स्व मगरूद्दीन मियां तथा गुलाम अंसारी, पिता-स्व बक्सी मियां, सभी ग्राम-सर्रा, थाना-मनियाडीह, के विरुद्ध मनियाडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## 16 अप्रैल दोपहर 2:00 बजे से 18 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

- सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी
- 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति
- जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217 एवं 100

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : राम नवमी को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्रीमती हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बाटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। राम नवमी के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 16 अप्रैल के दोपहर 2:00 बजे से 18 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217 व 100 है। जिला नियंत्रण कक्ष में 21 पदाधिकारी व 18 कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो 16 अप्रैल के दोपहर 2 बजे से 18 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक तीन शिफ्ट में मौजूद रहेंगे। सभी थाना व ओपी में रहेंगे संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक क्ष, थाना प्रभारी, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

## धनबाद वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा के बाद मारुति नंदन हनुमान जी की प्रतिमा नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया

### श्री राम भक्त हनुमान जी का जयकारा से गूंज उठा कुसुम विहार अंबिका अपार्टमेंट

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : चार दिवसीय मारुति नंदन श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हवन और पूर्णाहुति में श्रद्धालुओ की भीड़ देखने को मिली, यज्ञ स्थल पर हवन एवं पूजन कर यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंग बली को ध्यान कर आशीर्वाद लिया इस दौरान 56 भोग लगाए गए वही इस अवसर पर महाभोग का भी आयोजन किया गया वही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पहुंची जहा उन्होंने माथा टेक कर मारुति नंदन का ध्यान कर परिवार समेत समस्त कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की वही सभी को अपनी विशेष शुभकामनाएं दी। जहा लगातार कुसुम विहार सहित अन्य जगहों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में श्री जितेंद्र पांडेय श्रीमती प्रिया पांडेय श्री विश्व प्रताप सिंह श्रीमती रागिनी सिंह श्री दुष्यंत सिंह श्रीमती ज्योति सिंह श्री अशोक कुमार ओझा श्रीमती अंजू आनंद श्री मानिकचंद तिवारी श्री राकेश कुमार चौबे श्री उदय कांत ठाकुर श्रीमती मंजू ठाकुर श्री धनंजय रवानी श्री आनंद ओझा समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालु गण मौजूद रहे।






# पुलिस लाइन में रामनवमी पर्व के मद्देनजर धनबाद पुलिस ने किया मॉक ड्रिल





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : रामनवमी पर्व के मौके पर जिले भर में अखाड़ा निकाला जाता है. अखाड़ा दल पारंपरिक शस्त्रों के साथ प्रदर्शन करते हैं. ऐसे में सुरक्षा और ऐतिहात के मद्देनजर धनबाद पुलिस की मुकंबल तैयारी है, पुलिस लाइन में रामनवमी पर्व के मद्देनजर धनबाद पुलिस ने मॉक ड्रिल किया. डीएसपी मुख्यालय - 1 शंकर कामती के नेतृत्व में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए मॉक ड्रिल में दंगा रोधी उपकरणों की जांच और अभ्यास किया गया। इसी के साथ आसू गैस के गोले और वाटर केनन का भी अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में पुलिस की तरफ से उपद्रवियों से यह अपील की गई कि आपका मजमा नाजायज घोषित किया जाता है। आप सभी तुरन्त तीतर-बितर हो जाएं अन्यथा आपके विरुद्ध बल प्रयोग एवं विधि सम्मत कार्यवाई की जाएगी। डीएसपी ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह मॉक ड्रिल किया गया है.रामनवमी को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है.किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जवानों को मॉकड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है.जिसमे लोगो को आंसू गैस के साथ डंटा पार्टी को भी विशेष ट्रेनिंग दी गई है.किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठक भी की जा चुकी है. अब आज और कल दो दिन मुख्य - मुख्य जगहों पर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला जाएगा.

## बी.एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय धनबाद के छात्र/छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : बी. एस. एस. बालिका उच्च विद्यालय धनबाद के छात्र/छात्राओं के द्वारा मिश्रित भवन स्थित विद्यालय परिसर से रणधीर वर्मा चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रैली में विद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में 25 मई को धनबाद लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बैनर,पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से जागरूक करने का सफल और सार्थक प्रयास किया गया।

रैली के उपरांत विद्यालय के छात्र/छात्रा अपने अपने अभिभावक,शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों के द्वारा अपने परिवार व स्वयं मतदान करने हेतु शपथ लिया गया।

कार्यक्रम को सफलीभूत करने में विद्यालय प्रधान अंजुला गुप्ता, एनावेल सुषमा कंडूलना, राकेश कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार यादव,रश्मि कुमारी, अनुपम सुप्रिया रश्मि, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी शर्मा, रत्नेश प्रसाद, कुमारी पारुल, नागेंद्र प्रसाद, रमेश त्रिपाठी, असरफी लाल सरोज,मनोज कुमार, छोटी कुमारी समेत बाल संसद के सभी पदाधिकारी गण और विद्यालय के छात्र/छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## मिनी एन आर सी क्लब ने सुरेश क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से हराया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : ईस्ट कुमारदूबी क्रिकेट ग्राउंड में न्यू टेक ए डिवीजन T 20 नॉक आउट टूर्नामेंट में खेले गए मैच में मिनी एन आर सी क्लब ने सुरेश क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया।

मिनी एन आर सी क्लब ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सुरेश क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 138 रन 8 विकेट पर बनाए।

सुरेश क्रिकेट अकादमी की ओर से राजेश ने 26,अरुण 15, अनिल 14, फिरोज 13 और कुंदन 13 रन बनाए।



मिनी एनआरसी क्लब
अनिरुद्ध माथुर
78 रन

मिनी एनआरसी की ओर से महमूद 2 सनोवार 2 ,जाकिर ने 2 , और सोहेल ने 1 विकेट लिया।

बाद में बल्लेबाजी करते हुए मिनी एनआरसी ने 18 ओवर में 2 विकेट पर139 रन बना लिए और 8 विकेट से मैच जीत लिया।

मिनी एनआरसी की ओर से अनिरुद्ध माथुर ने नाबाद 78, हरीश थापा नाबाद 38 और परमजीत हजारी ने 16 रन बनाए।


सुरेश क्रिकेट अकादमी की ओर से मुर्शीद ने 1 और सनी ने 1 विकेट लिया।

इस तरह मिनी एनआरसी ने सुरेश क्रिकेट अकादमी को न्यू टेक ए डिवीजन T 20 नॉक आउट टूर्नामेंट में 8 विकेट से हराया।

# धनबाद लोकसभा उम्मीदवार सुनैना सिंह किन्नर ने क़ी चैती छठ



- मनाई टांड छठ तालाब मे दी उदीयमान सूर्य को अर्ध्य
- छठ माई से कामना करती हूं की सभी के घरों में खुशियां लाए और धनबाद समेत पूरे झारखण्ड एवं भारत मे शांति ख़ुशी कायम रहें - सुनैना




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष एवं धनबाद लोकसभा क़ी उम्मीदवार सुनैना सिंह किन्नर ने अपने आवास में चैती छठ की, और पूरे परम्परागात रीती रिवाज के साथ चार दिवसीय छठ पूजा नहाई खाई के साथ शुरू कर, खरना पूजा के साथ निर्जला उपवास कर पहला अर्ध मनाईटांड़ घाट पर की । तथा उदीयमान सूर्य अर्ध्य के साथ संपन्न क़ी लोक आस्था का छठ पर्व, इस मौके पर सुनैना किन्नर ने कहा की इस वर्ष मै छठ पर्व कुछ खास तरीके से कर रही हूं ।मैं छठ मैया से प्रार्थना करती हूं की मुझे भ्रनपोषण करने वाली हमारी मां छम छम देवी किन्नर जी हमारे समाज की प्रदेश अध्यक्ष भी है उनका स्वास्थ्य ठीक नही है छठ माई उन्हें जल्द स्वास्थ करें इसके इलावें हमारे जजमान के घरों में भी खुशियां आए ये छठ माई से कामना करती हूं की सभी के घरों में खुशियां लाए और धनबाद समेत पूरे झारखण्ड एवं भारत मे शांति ख़ुशी कायम रहें......

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में झरिया के लगभग 50 बूथों में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली

**कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया में आम मतदाताओं को की गई अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील**







पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।

रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

## धनबाद शहर मे एक ही दिन चेन छिनतई की तीन घटनाएं हुई



**महिला छोड़िये अब पुरुष के गले का भी चैन सुरक्षित नहीं**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : महिलाओं के गले से सोने की चेन छीननेवाले गिरोह अब पुरुषों पर भी हाथ साफ कर रहे है. और बहुत ही ठिठाई से कर रहे है. देर से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम धनबाद शहर के 4 किलो मीटर की रेडियस में चेन छिनतई की तीन घटनाएं हुई. दो महिलाओं के गले से अपराधियों ने चेन झपट लिए तो एक पुरुष को भी निशाना बनाया. जानकारी के अनुसार कुसुम बिहार में शनिवार की शाम महिला के गले से चेन छीन ली गई. बाइक सवार अपराधियों ने यह काम किया. फिर बाइक सवार उचक्कों ने सर्किट हाउस के सामने महिला से सोने की चेन झपट ली. बेकर बंध काली मंदिर रोड की महिला ने धनबाद थाने में शिकायत की है.

**बेकारबांध में भी महिला से छिनतई**

बताया है कि शनिवार की रात 8 बजे सीएमआरआई से टहलकर वह बेकार बांध लौट रही थी. सर्किट हाउस मुख्य गेट के सामने विपरीत दिशा से एक पल्सर बाइक उनके पास आकर धीमी हुई. बाइक पर दो लड़के सवार थे. पीछे बैठे लड़के ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और सिटी सेंटर की ओर भाग निकले. उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने भी पूरे घटनाक्रम को देखा. उन्होंने बाइक सवारों का पीछा भी किया ,लेकिन वह भागने में सफल रहे. इसी तरह शहर के जयप्रकाश नगर के गणपति अपार्टमेंट में रहने वाले कारोबारी से भी बाइक सवार उचक्कों ने सोने की चेन झपट ली. उन्होंने भी धनबाद थाने में शिकायत की है.

**हाउसिंग कॉलोनी में कारोबारी को निशाने पर लिया**

पुलिस को बताया है कि शनिवार की शाम वह हाउसिंग कॉलोनी के विंध्यवासिनी मंदिर से पत्नी के साथ वापस जयप्रकाश नगर घर लौट रहे थे. रास्ते में हाउसिंग कॉलोनी के दुर्गा मंडप के समीप पीछे से बाइक सवार दो युवक पहुंचे. जब तक वह कुछ समझ पाते, पीछे बैठे युवक ने सोने की चेन झपट ली और भाग निकले. हाल के दिनों में चेन छिनतई की घटनाएं थम सी गई थी, लेकिन फिर एक ही दिन तीन घटनाओं को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस को ललकार दी है. अभी चुनाव का वक्त चल रहा है, शहर में चेकिंग कड़ी है.



# पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा ने अंचल निरीक्षक कार्यालय सिंदरी का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: बोकारो कोयला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा आपने पुर्व निधारीत कार्यक्रम के तहत सोमवार को सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय सिंदरी पहुचे। इस दौरान उन्हें सलामी गार्ड ऑफ़ ऑनर दी गयी। उनके द्वारा सलामी गार्ड ऑफ़ ऑनर को अच्छे टर्न आउट के लिए पुरस्कृत किया। तत्पश्चात् अंचल निरीक्षक कार्यालय सिंदरी का निरीक्षण प्रारंभ किया। निरीक्षण के समय सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत, पु०नि० ज्योति प्रकाश कुजुर, पुलिस निरीक्षक सिंदरी अंचल, उषा रानी, पुलिस निरीक्षक, जोरापोखर अंचल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने



पुलिस निरीक्षक कार्यालय सिंदरी के अभिलेखों का अवलोकन किये।निरीक्षणोपरांत पुलिस उप -महानिरीक्षक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिंदरी के कार्यालय गये जहां आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था का समीक्षा किये। साथ ही लोकसभा चुनाव के संबंध में कितने असमाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई (107,108,109,110 इत्यादि), निगरानी प्रस्ताव, गुण्डा पंजी, सी०सी०ए० का प्रस्ताव आदि की कार्रवाई की गई है, के बारे में जानकारी प्राप्त किये एवं रामनवमी त्योहार के अवसर पर सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्र में कितने जुलूस/अखाड़ा लाईसेन्सी एवं कितने गैर लाईसेन्सी है, तथा रामनवमी के अवसर पर क्या तैयारी है के बारे में भी जायजा लिया गया तथा निर्देश दिया गया कि रामनवमी के पूर्व सभी थाना में फ्लैग मार्च करेंगे, डी०जे० को प्रतिबंध करना, असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने, संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने, जुलुस के दौरान वीडियो ग्राफी करने का निर्देश दिये एवं अफवाह फैलाने वाले एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर सख्ती से निरोधात्मक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया.

## मुखिया संघ ने लोकसभा प्रत्यासी दुल्लु महतो का बलियापुर मे किया स्वागत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : मुखिया संघ के द्वारा धनबाद बीजेपी लोकसभा प्रत्यासी दुल्लु महतो का स्वागत किया गया एबं श्री महतो को भारी मतों से जिताने के निर्णय लिया गया स्वागत करने वालों में मुखिया संघ



के प्रखंड सचिव सह दूधिया पंचायत के मुखिया उत्तम चौबे, मुखिया दिलीप महतो, संजय गोराई, बिजय गोराई दिनेश सरकैल, संजीत गोराई, राकेश, बिजय कालिंदी आदि उपस्थित थे.

## यूपीजीपीएस नीचटोला सालपतरा में स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : यूपीजीपीएस नीचटोला सालपतरा में सीएचसी बलियापुर के ओर से स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया जिसमे



61 बच्चें का स्वास्थ्य जाँच डॉक्टरों के टीम द्वारा किया गया, टीम में डॉ अनुपम, डॉ एस के दास बिद्यालय के प्रधान अध्यापक उत्पल चौबे आदि उपस्थित थे.

## गोविंदपुर मे शांतिपूर्ण रामनवमी आयोजन के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : गोविंदपुर थाना क्षेत्र मे शांतिपूर्ण श्री रामनवमी के लिए पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को फ्लैग मार्च किया गया जिसमें काफी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं पुलिस देखने को मिली जिसकी टीम धनबाद से लेकर सरायढेला गोल बिल्डिंग से लेकर इसमें शामिल पुलिस अधिकारी और जवानों ने गोविंदपुर बाजार ऊपर बाजार रंगडीह मोर एवं गांव भीतर विलेज रोड से होते हुए आदि क्षेत्रों में मार्च किया गया पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती ने बताया कि श्री रामनवमी को लेकर पुलिस इलाके में चौकस एवं सक्रिय है और





असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, उन्होंने कहा कि सभी 18 समिति से आगामी चुनाव को आचार संहिता को लेकर शांतिपूर्ण जुलूस निकालने की अपील की है उन्हनो कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी उन्होंने सभी लाइसेंसों से रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की है.

# धनबाद विधानसभा स्तरीय मासस एंव मायुमो की बैठक संपन्न

## देश की सार्वजनिक संस्था की लूट की खुली छूट दे रखी है - जगदीश रवानी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद विधानसभा क्षेत्र मासस एंव मायुमो की संयुक्त कार्यकर्ताओं की एक बैठक नरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने की। बैठक में मुख्य रूप से मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि आज देश को भाजपा एक नई गुलामी की ओर ले जा रहा है। देश के तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले




करने के साथ - साथ यहां की संपदा को लूटने की खुली छूट दे रखी है। आज झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहा है। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी है। जिसका निदान भाजपा के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कोयलांचल में चाहे माफिया शक्ति हो या लुटेरा, रंगदार हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस और लाल झंडा लड़ते आयी हैं। ये चुनाव देश के साथ-साथ कोयलांचल की भविष्य निर्भर करता है। इसलिए आम जनता, मजदूर - किसान से आह्वान है कि मासस को अपना व्यापक मतदान देकर सही जनप्रतिनिधि संसद में भेजने का काम करें। जो यहां की मजदूर किसान, छात्र, नौजवान, आम गरीबों की आवाज बनेगी। मुझे विश्वास है की, इस बार मासस एवं लाल झंडा भाजपा के विजय रथ को रोकेगी।

बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, दिलीप भुईया, लालु राय, रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# बाल सांसद गठन के लिए मतदान सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में हुआ संपन्न








पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में डॉ भास्कर झा (प्रभारी सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी) के नेतृत्व में संवैधानिक तरीके से शिशुभारती, बाल भारती ,किशोर भारती और कन्याभारती गठन के लिए मतदान कराया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से द्वादश के भैया बहनों ने भाग लिया। भास्कर झा ने कहा राष्ट्र के लिए मतदान जिस प्रकार सर्वश्रेष्ठ धर्म है ,उसी प्रकार बाल संसद को सुचारू रूप से गठित करने और क्रियावयान के लिए भैया बहनों का मतदान में भाग लेना। जिससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।वोट के माध्यम से भैया बहनों को लोकतंत्र में वोट के महत्व एवं संसदीय लोकतंत्र के कार्य करने की विधियों की जानकारी प्राप्त हुई । इस अवसर पर नरेश जी, संध्या मिश्रा, बर्नाली बनर्जी के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## कतरास पुलिस ने की अखाड़ा दलों के साथ बैठक,दिये कई निर्देश



- ड्रोन कैमरे से रखी जायेगी नजर:एसडीपीओ

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : कतरास थाना में कतरास इलाके के अखाड़ा दलो के साथ पुलिस ने बैठक की.अध्यक्षता करते हुए बाघमारा एसडीपीओ आनंद मिंज ने कहा डीजे पर पाबंदी है.जुलूस रूट पर विशेष ध्यान देने के साथ जुलूस का वीडियो ग्राफी के साथ समय का अखाड़ा दलों के पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा. एसडीपीओ ने कहा कि अखाड़ा जुलूस को ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जायेगी. कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने कहा हर अखाड़ा दल अपने बीस सदस्यों का नाम उपलब्ध कराये. पुलिस उन सभी को प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेगी. कहा कि अखाड़ा दल यह सुनिश्चित करें कि जुलूस में कोई भी सदस्य नशे में नही रहेगा. जुलूस में कोई अश्लील गीत नहीं बजाया जायेगा.बैठक सभी अखाड़ा दल के सदस्य व पुलिस कर्मी मौजूद थे.बता दे कि कतरास इलाके में दस लाइसेंसी व सात गैर लाइसेंसी अखाड़ा दल अपने खेल का प्रदर्शन रामनवमी में करते है.

## विद्यापति परिषद भवन में एक दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: विद्यापति परिषद भवन में एक दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया सोमवार को जिसमें कुल 75 मरीजों का नेत्र जांच किया गया जिसमें 5 मरीज मोतियाबिंद के पाए गये 70 मरीजों को मुफ्त में जांच कर दवा भी दिया गया जिन मरीजों को चश्मे की स्थिति देखा गया उन्हें काफी कम दर पर चश्मे भी दिया गया। 5 मरीजों को निशुल्क आंख आपरेशन की सलाह एवं समय दिया गया। नेत्र जांच एवं ब्यवस्था में चन्द्र शेखर, नीतू कुमारी, मधु कुमारी, उर्मिला कुमारी, संदीप कुमार, रोशन कुमार, बादल सिंह आदि थे।

## रांची में छठ पूजा करने जा रहे लोगो से भरी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत कई घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रांची : रातू में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है।छठ पूजा करने जा रहे लोगो से भरी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत कई घायल। घटना काठीतांड के शिव मंदिर के समीप हुई है। बताया जा रहा कि है सभी मैजिक वाहन पर सवार रवि स्टील के पास से रातु तालाब सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे।

## गिरिहीह पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा, धनबाद से बनारस मंडी भेजने की थी तैयारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची/गिरिडीह : धनबाद से आ रहा अवैध कोयला लदा ट्रक गिरिडीह में पकड़ा गया. डीआईजी सुनील भास्कर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर स्थित कुलगो टोल प्लाजा के पास ट्रक को पकड़ा है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेएच 10 बीएच 3273 नंबर की ट्रक धनबाद से अवैध कोयला लोड कर बनारस की मंडी जा रही है. सूचना के आधार पर पुलिस ने कुलगो टोल प्लाजा के पास चेकिंग अभियान चलाया. चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब ट्रक को रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक भागने लगा.

## पूर्वी टुंडी क्षेत्र में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई






- आम मतदाताओं को की गई अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील
- झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर सोमवार को पूर्वाह्न में विद्यालयों में गठित ईएलसी के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की गई। स्वीप पंपलेट, हैंडबील वितरित किए गए।रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्य ने भाग लिया। इसके अलावा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने स्लोगन, कविता लिखकर, ड्राइंग बनाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

## अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक ने बलियापुर रोड से दो दिन बाद सड़क पर से अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : अंचल अधिकारी शशिभूषण सिंह एवं अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज ने सोमवार को पुलिस टीम के साथ बलियापुर रोड का मुआयना किया। उन्होंने रामनवमी के बाद सड़क पर से अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया। गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने कहा कि सड़क पर दुकान लगने से बलियापुर रोड अक्सर जाम रहता है । इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि डिवाइडर के बाद दुकान लगेगी तो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा ।उन्होंने सभी दुकानदारों को दो दिनों की मोहलत दी है।

# क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल बरियो गोविंदपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर: सामाजिक संस्था विकास फोरम की ओर से सोमवार को क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल बरियो में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। मौके पर मुख्य अतिथि खनिज क्षेत्र विकास निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक आईडी पासवान ने कहा कि अंबेडकर ने सदियों से दबी-कुचली महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया। मुख्य वक्ता बीबीएमकेयू के प्राध्यापक डॉ. मुकुंद रविदास ने कहा कि अंबेडकर ने हासिये पर पड़ी दलितों-पिछड़ों को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। प्राचार्या विजेता दास, शंकर रविदास आदि ने भी विचार रखे। सचिव एसएन लाल त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी तथा मंच संचालन कृष्ण प्रसाद गिरि ने किया। इस मौके पर आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में मुनाजा मेहराज को प्रथम, अमन मरांडी को द्वितीय एवं सोमनाथ दास को तृतीय तथा सीनियर ग्रुप में सुषमा कुमारी को प्रथम, दीप पाल को द्वितीय तथा सुजल मोदक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिप्रा राव, श्वेता रंजन, साक्षी दत्ता, एवं दीपशिखा ने स्वागत नृत्य तथा साक्षी दत्ता एवं नितिका कुमारी ने फॉल्क डांस करके दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में रमन प्रसाद, आरके सिंह, कन्हैया सिंह, बृजनंदन पंडित, अमित कुमार दे, विमल शर्मा, परमेश्वर पासवान, सरदार निर्मल सिंह, सोमन चटर्जी, शिव प्रसाद, अर्जुन चौहान, शिफा आसिफ आदि फोरम सदस्यों, शिक्षकों आदि ने भाग लिया।

## कतरास के कतरी नदी के छट घाट पर सोमवार को चौथा दिन प्रातः काल उगते सूर्य को जल दिया गया , इसी के साथ छठ पर्व का समापन हो गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : कतरास शहर, अंगार पथरा,सिजुआ के क्षेत्र से छठवर्ति सूर्य मंदिर घाट पर चैती छठ की पूजा अर्चना कर छठी माता की कृपा बना रहे,संतान को आरोग्य, बल और लंबी आयु की प्राप्ति हेतु सूर्यदेव के आशीर्वाद से जीवन में ऊर्जा और सुख-समृद्धि कि कामना की ,सूर्य कमेटी के द्वारा खीर प्रसाद का वितरण किया गया ,जहां सैकड़ो छठ घाट पर पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया , छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इसके बाद दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन को ऊषा अर्घ्य के नाम से जाना जाता है। छठ का पर्व बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। छठ घाट पर पूजा कमेटी सहित नगर निगम द्वारा सराहनीय योगदान रहा|

## शहरपुरा रोहडाबंध मुख्य सडक पर स्विफ्ट और बोलोरो मे हुई जोरदार टक्कर, बाल बाल बचे दोनों ड्राइवर

पोलिट लाइव रिपोर्टर





सिंदरी : शहरपुरा रोहडाबंध मुख्य सडक मार्ग के साईं मंदिर के समिप सोमवार के रात्रि लगभग 9.30 बजे चार चक्का दो वाहन जे एच 10 बी जेड 9975 बोलोरो गाडी एवं जे एच 10 सी एफ 8990 स्विफ्ट डीजायर कार के बीच जोरदार टक्कर हो जाने से दोनो चार चक्का कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं दोनो वाहनों के ड्राइवर एवं अन्य बाल बाल बच गया हल्की चोट लगा हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि आई एम टाईप निवासी अमित सिंदरी आपने स्विफ्ट कार से रोहडाबंध से शहरपुरा होकर आपने क्वार्टर जा रहे थे। वही बीआईटी सिंदरी में भवन निर्माण कार्य कर रहे निरंजन राय कंस्ट्रक्शन प्रवेट लिमिटेड में चलने बाले गाडी बोलोरो गाडी चालक कौशल कुमार एवं उक्त कम्पनी के सुपवाइजर विरंचि सिंह शहरपुरा से बाजार कर बीआईटी सिंदरी लौट रहे थे कि आचानक दोनो वाहनों में टक्कर हो गया। घटना कि सुचना पाकर सिंदरी थाना पुलिस पहुंच कर दोनो वाहनों को जप्त कर थाना ले आये।

# गोविंदपुर हर साल की तरह इस बार भी वाणी मंदिर में मनाई जाएगी रामनवमी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गोविंदपुर : वाणी मंदिर प्रताप अखाड़ा दल लाल बाजार कमेटी की ओर से इस बार रामनवमी के शुभ अवसर पर अयोध्या में स्थापित राम लला जी की 20 फीट की मूर्ति झांकी के रूप में बनाई जा रही है |

अखाड़ा कमेटी के कोषाध्यक्ष चीकू अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में कहां की झांकी पूरे गोविंदपुर के आकर्षण का केंद्र रहेगी साथ ही जगह-जगह लोगों को पीने के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था भी कराई जाएगी नवगठित कमेटी के अध्यक्ष नितेश गुप्ता जी सचिव जग्गू साव एवं कमेटी के सदस्य प्रशांत दास सोनू पंडित अमित गर्ग गोविंद राय पवन कुमार गौतम कुमार रोहित कुमार विशाल दास संदीप गुप्ता सोनू सरकार बबाई दास अनिल कुमार टिंकू राम बिट्टू कुमार ने कहा कि तैयारी पूरी कर ली गई है इस बार भी रामगढ़ के प्रसिद्ध सुनामी टीम गोविंदपुर में आकर्षण का केंद्र रहेगी और धूमधाम से शांतिपूर्वक रामनवमी मनाई जाएगी।

**दैनिक पोलिट लाइव (Polite live) डिजिटल ई-पेपर अखबार,पोर्टल न्यूज़ Free में पढ़ें और युट्यूब चैनल देखें ,**

PhonePe
ACCEPTED HERE
Scan & Pay Using PhonePe App

9934560545

लेकिन सहयोग भी करें, ताकि हम आपके ख़बरों को निष्पक्ष और प्रमुखता से अख़बार, पोर्टल और चैनल में जगह दे सकें..

LIKE सब्सक्राइब करने में पैसा नहीं लगता उसे जरूर करें और शेयर भी.

www.politelive.com
www.facebook.com/politelivenews